**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या –3080**
**दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एसएफएनएस की स्थापना**

**3080. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की दक्षिण एशियाई भू–राजनीतिक परिदृश्य में वर्तमान अस्थिरता से निपटने के लिए व्यापक प्रवृत्तियों और संभावित विवाद के स्थलों का पता लगाने के लिए तैयार की गई किसी पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मंत्रालय ने दक्षिण एशियाई भू–राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए पड़ोसी देशों के लिए विशिष्ट विदेश सेवा (एसएफएनएस) की स्थापना करने पर विचार किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मौजूदा भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों, उनके चयन और एसएफएनएस के प्रशिक्षण पर क्या प्रभाव पड़ा है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**

**( श्री कीर्ति वर्धन सिंह )**

(क) एवं (ख) सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखती है तथा इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

(ग) एवं (घ) जी नहीं। पड़ोसी देशों के लिए विशिष्ट विदेश सेवा (एसएफएनएस) के सृजन का कोई प्रस्ताव नहीं है। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों को दक्षिण एशियाई क्षेत्र सहित हमारे राजनयिक मिशनों और केन्द्रों में तैनात किया जाता है ताकि सभी अपेक्षित कार्यों को उपयुक्त रूप से पूरा किया जा सके।

*****